आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 28.04.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक कर पहलगाम आतंकी हमले और सुरक्षा स्थिति पर चर्चा कीं

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में विरासत संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए जयपुर में राज्य स्तरीय संग्रहालय बनाने की बात कहीं

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पदम पुरस्कार प्रदान कर रही हैं

- राज्य में अधिकतर स्थानों पर तापमान में बढोतरी–भीषण गर्मी के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्रालय की लोगों से विशेष ध्यान रखने की अपीलं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक कीं लगभग 40 मिनट तक चली ये बैठक पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद की स्थिति को लेकर हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल थें रक्षा मंत्री ने श्री मोदी को सुरक्षा तैयारियों और ताजा हालात के बारे में अपडेट दियां

000

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने के लिए डॉन न्यूज, समा टीवी, आर्य न्यूज और जियो न्यूज सहित 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया हैं इन चैनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने पर रोक लगाई गई हैं प्रतिबंधित चैनलों के 6 करोड़ तीस लाख से अधिक दर्शक हैं

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार पर्यटक स्थलों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही हैं श्री शर्मा ने अधिकारियों को राज्य की गौरवशाली विरासत के संरक्षण का काम प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये, जिससे आने वाली पीढ़िया इतिहास को समझ सकें मुख्यमंत्री आज पर्यटन, कला, संस्कृति और पुरातत्व विभाग की बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक में बोल रहे थें उन्होंने जयपुर में राज्य स्तरीय संग्रहालय बनाने की बात कही जिससे सैलानी प्रदेश की धरोहर से रू–ब–रू हो सकें श्री शर्मा ने आज नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कीं
मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक के दौरान श्री शर्मा ने प्रदेश में हवाई सेवाओं की स्थिति पर चर्चा कीं मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हवाई सेवाओं के विस्तार, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विमानन सुविधाओं में बढोतरी तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के निर्देश दियें इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने निवास पर जनसुनवाई भी कीं इस दौरान श्री शर्मा ने कहा है कि प्रत्येक फरियादी की समस्या को सुनना और उसका निस्तारण सुनिश्चित करना हमारी सरकार का मूलमंत्र हैं

000

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने आज जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कीं राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर बातचीत कीं

000

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खड़गे ने पहलगाम हमले को लेकर कहा है कि सरकार जो भी कदम उठाएगी सभी उसके साथ होगें श्री खड़गे ने कहा कि देश सबसे पहले हैं कांग्रेस अध्यक्ष आज जयपुर के रामलीला मैदान में संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित कर रहे थें रैली को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने भी सम्बोधित कियां पार्टी की ओर से आज लोकतंत्र बचाओ अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई इसके बाद श्री खड़गे ने पार्टी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक भी कीं

..................

उधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी पर ढोंग करने का आरोप लगायां उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान रक्षा का नाटक कर रही है जबकि उनका व्यवहार संविधान के अनुकूल नहीं रहता हैं श्री राठौड़ आज जयपुर में प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थें

....................

प्रेस वार्ता को मंत्री जोगाराम पटेल और मदन दिलावर ने भी सम्बोधित कियां

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान कर रही हैं इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थीं जिसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं ये नागरिक अलंकरण दो चरणों में दिये जाएंगें पहले चरण में आज 71 हस्तियों को सम्मानित किया जा रहा हैं राजस्थान से प्रसिद्ध मांड और भजन गायिका बतूल बेगम को राष्ट्रपति ने पदमश्री अलंकरण प्रदान कियां प्रदेश के ही उर्दू शायर और चिंतक शीन काफ निजाम, मांड और भजन गायिका बतूल बैगम और बैजनाथ महाराज को भी पदमश्री दिया जायेगां

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में पेयजल विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक लीं इस दौरान उन्होंने कोटा–बूंदी में पानी की आपूर्ति पर विस्तृत चर्चा कीं श्री बिरला ने कहा कि जलदाय विभाग को नई परियोजनाएं अगले 50 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनानी चाहिएं उन्होंने कहा कि प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों में समयबद्ध तरीके से बिजली–पानी की सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिएं बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर भी मौजूद रहें

000

पुणे के हडपपुर से जोधपुर के बीच चलने वाली ट्रेन अब रोजाना पाली–मारवाड़, मारवाड जक्शन, रानी, फालना और जवाई बांध रेलवे स्टेशनों पर रूकेगीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसके नियमित ठहराव को मंजूरी दे दी हैं पाली सांसद पी.पी. चौधरी के प्रयासों से मिली इस सौगात से स्थानीय नागरिक और प्रवासी उत्साहित हैं

000

पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की जल जीवन मिशन घोटाले में आज विशेष अदालत में पेशी हुई 900 करोड़ रूपये के इस घोटाले में श्री जोशी को ईडी ने 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया थां उनकी रिमाण्ड अवधि आज समाप्त हो रही थीं श्री जोशी की पत्नी कौशल देवी के निधन के कारण अदालत ने उन्हें चार दिन की अंतरिम जमानत दे दी हैं श्रीमती जोशी का आज जयपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गयां

000

प्रदेश में अबूझ सावे अक्षय तृतीय और पीपल पूर्णिमा पर संभावित बाल–विवाह की रोकथाम को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर हैं इसके लिए विशेष अभियान ऑपरेशन लाड़ली चलाया जा रहा हैं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के साथ बाल–विवाह के खिलाफ जागरूकता फैला रही हैं

...............

प्रदेशभर में बाल–विवाह की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं इसी कड़ी में पाली में आज जिला विधिक प्राधिकरण की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल–विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गयां पहले पढाई–फिर विदाई संदेश के साथ लोगों की समझाइश भी की गईं इसके साथ ही बाल–विवाह मुक्त राजस्थान की शपथ दिलाई गईं उधर डूंगरपुर में चल रहे जागरूकता अभियान में धर्म गुरूओं का भी सहयोग लिया जा रहा हैं

000

परशुराम जयंती के उपलक्ष में प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं पाली में आज सुबह साईकिल रैली निकाली गईं इसके साथ ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गयां उधर सवाईमाधोपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में 51 युनिट रक्त संग्रहित किया गयां

000

प्रदेश में श्रम विभाग ने एक मई को सवैतनिक अवकाश घोषित किया हैं श्रम आयुक्त पूजा पार्थ ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के मौके पर राज्य की सभी औद्योगिक इकाइयों और वाणिज्यिक संस्थानों के नियोक्ताओं तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबन्धकों से एक मई को अवकाश घोषित करने और श्रमिकों को इस दिन के वेतन का पूरा भुगतान करने की अपील की गई हैं

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तापमान में बढोतरी होने से गर्मी का असर और तेज हो गया हैं बालोतरा, बाड़मेर, जैसलमेर और जालौर में लोग दिनभर गर्म हवाओं के थपेड़ों से बेहाल रहें मौसम विभाग के

अनुसार बीते चौबीस घंटों में बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46 दशमलव 1 और जैसलमेर में 45 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस मापा गयां श्रीगंगानगर, जोधपुर, फलौदी, चित्तौडगढ में भी पारा 43 डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज हुआं ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गयां विभाग के अनुसार जोधपुर, बीकानेर संभाग में भीषण गर्मी और लू की स्थिति जारी रहने की संभावना हैं वहीं रातें भी काफी गर्म रह सकती हैं मई के पहले सप्ताह में आंधी–बारिश की गतिविधियों से तापमान में गिरावट के आसार हैं भीषण गर्मी के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्रालय ने आमजन से अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने की अपील की हैं मंत्रालय ने इस बारे में परामर्श जारी किया हैं

................

000